तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 मां दुर्गा पूजा में बंगाली समाज ने सिंदूर खेला



12 देव दशहरा एकता की मिसाल 28 से ...



खबर संक्षेप



कापसी में महिलाओं ने संभाली भंडारे की कमान

पखांजूर। कापसी के दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में 50 से अधिक महिलाएं श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूड़ी का महाप्रसाद तैयार कर रही हैं। महिलाओं ने पूड़ी बेलने, तलने और भोजन बनाने की जिम्मेदारी स्वयं संभाली है। आयोजन के लिए अस्थायी रसोई बनाई गई है। ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे की सामग्री जुटाई गई है, वहीं पुरुष भी व्यवस्था में सहयोग कर रहे हैं। बिना बाहरी हलवाई के आयोजित यह महाभंडारा ग्रामीण एकता, धार्मिक आस्था और महिलाओं की सेवा भावना की मिसाल बन रहा है।

आज सेनानी इंदुरु केंवट की पुण्यतिथि पर सभा

दुर्गूकोंदल। कांकेर के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिवीर स्व. इंदरू केंवट की 62 वीं पुण्यतिथि पर 22 अक्टूबर को शांति सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद शांति सभा होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुंडरदेही विधायक एवं छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद तथा अति विशिष्ट अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांकेर जिला निषाद केंवट समाज के अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र निषाद करेंगे।

'कांकेर जिला स्तरीय युवा उत्सव 29 को

कांकेर। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजे नया बस स्टैंड स्थित डोम कांकेर में किया जाएगा। इसमें लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वेशभूषा सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 15 से 29 वर्ष तक के युवा इसमें भाग ले सकेंगे। इच्छुक प्रतिभागियों से माई भारत पोर्टल पर पंजीयन कराने की अपील की गई है। अधिक जानकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

मुल्ला में कल से डे नाइट कबड्डी स्पर्धा

भानुप्रतापपुर। ग्राम मुल्ला में जय बुढ़ादेव क्लब के तत्वावधान में 23 एवं 24 अक्टूबर को राज्य स्तरीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें पुरुष एवं महिला वर्ग की टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 10 हजार और तृतीय 5 हजार रुपये रखा गया है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय 4 हजार और तृतीय 2 हजार रुपये दिए जाएंगे। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था की है। क्लब ने क्षेत्रवासियों से प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

केवटी में आज 22 परगना देवी दशहरा का आयोजन

भानुप्रतापपुर। केवटी में 22 परगना देवी दशहरा का भव्य आयोजन 22 अक्टूबर को किया जाएगा। उत्सव में रावण वध, भव्य आतिशबाजी और छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच 'रंग झांझर' की सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। दुर्ग जिले के पाटन से कलाकार पहुंचकर लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेंगे। आयोजन को सफल बनाने ग्रामीण, महिला सहायता समूह एवं राजमिस्त्री संघ सहयोग कर रहे हैं। ग्राम पटेल सदरू राम कोला, सरपंच सहित आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

हादसा : कांकेर बायपास पर दो युवकों की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

दशहरा की खुशियां मातम में बदली, कांकेर पखांजूर सड़क हादसों में 4 युवकों की मौत

दुर्गा झांकी देखने निकले युवक की बाइक पेड़े.से टकराई, दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/पखांजूर

त्योहारों की खुशियां दो गांवों के लिए मातम में बदल गईं। कांकेर और पखांजूर क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में चार युवकों की जान चली गई। कांकेर बायपास पर कार की टक्कर से नंदनमारा के नवीन यादव और ऋषि कोर्राम की मौत के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए, वहीं पखांजूर में दुर्गा पूजा देखने निकले पीव्ही 39 निवासी पार्थ विश्वास और जितेश व्यापारी की बाइक पेड़ से टकराने पर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इन घटनाओं से संबंधित गांवों में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार नंदनमारा निवासी नवीन यादव और ऋषि कोर्राम मंगलवार 20 अक्टूबर की देर रात कांकेर शहर में माता विसर्जन देखने के बाद स्कूटी से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कांकेर बायपास पर मेडिकल कॉलेज जाने वाले चौक के पास रात करीब 12 बजे लखनपुरी निवासी कार चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार ⏭शेष पेज 10 पर



अधिकारियों ने समझाइश और आश्वासन दिया

चक्काजाम की सूचना मिलने पर एसडीएम सरस्वती बंजारे, एसडीओपी हरीश पाटिल और थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी मांगें रखने और प्रशासन के माध्यम से उनका निराकरण कराने का प्रयास करने की बात कही। अधिकारियों की समझाइश के दौरान ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया।



एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लिया और घायल युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे युवक की सांस चल रही थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में समय पर ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण दूसरे युवक की भी जान चली गई। हालांकि, इस आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे में दोनों युवकों की मौत से उनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

सुबह होते ही सड़क पर उतरे ग्रामीण

बुधवार सुबह घटना की खबर पूरे नंदनमारा गांव में फैल गई। दोनों युवकों की मौत से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में कांकेर बायपास पहुंचे और चक्काजाम कर विरोध जताया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। ग्रामीणों का कहना था कि जिस स्थान पर यह दर्दनाक हादसा हुआ, वहां सड़क सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने दुर्घटनास्थल पर आवश्यक सुधार और सुर क्षा संबंधी उपाय किए जाने की मांग उठाई।



पखांजूर में दो युवकों की मौत

पखांजूर। दुर्गा पूजा देखने की खुशी उस वक्त मातम में बदल गई, जब बाइक से निकले दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। पखांजूर क्षेत्र में पीव्ही 42 और सोहगांव के बीच हुए इस हादसे में 24 वर्षीय पार्थ विश्वास और 16 वर्षीय जितेश व्यापारी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पीव्ही 39 गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार ग्राम पीव्ही 39 निवासी 24 वर्षीय पार्थ विश्वास पिता पवित्र विश्वास और 16 वर्षीय जितेश व्यापारी पिता कृति सुंदर व्यापारी बीती रात में बाइक से दुर्गा पूजा देखने के लिए घर से निकले थे। रात करीब 11 से 12 बजे के बीच पीव्ही 42 और सोहगांव के मध्य उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर देर रात तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो उठे और पूरी रात उनकी तलाश करते रहे। सुबह सड़क किनारे दोनों के शव पड़े होने की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पखांजूर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना से दोनों परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है।

माता दुर्गा प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा कई समितियों ने बिना डीजे के निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

विजयादशमी के अवसर पर कांकेर शहर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान कई दुर्गोत्सव समितियों ने डीजे की धुन पर झांकी निकालते हुए नाचते-गाते मां दुर्गा को विदाई दी। वहीं, कलेक्टर के निर्देश का पालन करते हुए कुछ समितियों ने बिना डीजे के पारंपरिक वाद्य यंत्रों और माता के भजनों के साथ विसर्जन किया। इन समितियों की पहल की शहर में सराहना हो रही है। शांति समिति की बैठम में कलेक्टर कुंदन कुमार ने इस वर्ष दुर्गोत्सव समितियों से बिना डीजे के विसर्जन करने की अपील किया था, उसी के तहत कुछ समितियों ने ध्वनि प्रदूषण कम करने और लोगों को परेशानी से बचाने के उद्देश्य से बिना डीजे के विसर्जन कर एक नई पहल की। कांकेर शहर में इस वर्ष 33 स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। 20 अक्टूबर को दशमी के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन अलबेलापारा वार्ड, टिकरापारा के मेला भाठा स्थित कंकालिन तालाब और भंडारीपारा के मारादेव ⏭शेष पेज 10 पर





बिना डीजे के विसर्जन कर समितियों ने दिया संदेश

राजापारा वार्ड की कालिका महोत्सव समिति ने इस बार बिना डीजे के विसर्जन किया। समिति के सदस्यों ने पारंपरिक जसगीतों और माता के मधुर भजनों के साथ झांकी निकाली। समिति के संरक्षक प्रवेश चौहान, संस्थापक आनंद चौरसिया और अध्यक्ष आकाश चौरसिया ने बताया कि डीजे से अत्यधिक शोर और ध्वनि प्रदूषण होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति ने आगे भी पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भजनों के साथ विसर्जन करने का निर्णय लिया है। प्रैक्टिसिंग स्कूल परिसर में पिछले 60 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने वाली श्री श्री संगम दुर्गोत्सव समिति ने भी बिना डीजे के विसर्जन किया। समिति से जुड़े गजेंद्र गुप्ता, ⏭ शेष पेज 10 पर

मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर को, अंतिम सूची 4 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत उत्तर बस्तर कांकेर जिले में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 4 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से पात्र नए मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने तथा पहले से दर्ज नामों में आवश्यक संशोधन कराने का अवसर मिलेगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 12 नवंबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इन दावे-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। सभी निर्धारित प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम फोटोयुक्त मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के संदर्भ में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले ⏭शेष पेज 10 पर



बीएसएफ दुर्गूकोंदल में श्रद्धा से मनाई शारदीय नवरात्रि



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ की 145वीं बटालियन दुर्गूकोंदल में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान बटालियन के अधिकारियों और जवानों ने माता रानी से सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्र के समापन अवसर पर 20 अक्टूबर को नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया।

नवरात्र पर्व के दौरान बटालियन परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। अधिकारियों और जवानों ने मां दुर्गा की आराधना कर देश एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन से परिसर में आस्था और सकारात्मकता का माहौल बना रहा। साथ ही, जवानों के बीच आपसी सद्भाव एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को भी बल मिला। नवरात्र के समापन पर आयोजित कन्या भोज में नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और नारी शक्ति के सम्मान का संदेश दिया गया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन भक्तिमय माहौल में हुआ। अधिकारियों और जवानों ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में स्वयंवर सिंह, कार्यवाहक समादेष्टा, मदन लाल, उप समादेष्टा, कृष्ण कुमार गुर्जर, उप समादेष्टा तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे सहित बीएसएफ के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

भानुप्रतापपुर भाजपा को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की मासिक संगठनात्मक बैठक जिला महामंत्री राजा पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में शक्ति केंद्रों एवं मतदान केंद्रों पर संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने, आगामी संगठनात्मक अभियानों की रूपरेखा तैयार करने और पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों ⏭शेष पेज 10 पर

चाहचड़-हालहादी माइंस क्षेत्र में तीन माह से इंटरनेट फेल, पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल विकासखंड अंतर्गत चाहचड़-हालहादी माइंस क्षेत्र में पिछले तीन महीनों से जिओ मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से ग्रामीणों और विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल में नेटवर्क सिग्नल दिखाई देने के बावजूद इंटरनेट डेटा ठीक से काम नहीं कर रहा है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। मेड़ों पंचायत के उपसरपंच छबिलाल दुग्गा तथा क्षेत्र के विद्यार्थियों के अनुसार, लंबे समय से इंटरनेट सेवा में आ रही समस्या के कारण ऑनलाइन शैक्षणिक सामग्री का उपयोग करना मुश्किल हो गया है। विद्यार्थियों को असाइनमेंट तैयार करने, विभिन्न विषयों की जानकारी जुटाने और पढ़ाई से संबंधित सवालों के जवाब खोजने में दिक्कत हो रही है। इसके अलावा, ⏭शेष पेज 10 पर

154 शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का हुआ वाचन

शहीदों के बलिदान को किया सलाम एवं कांकेर में हुआ श्रद्धांजलि समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

देश की सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर में राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद स्मृति परेड एवं श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन करते हुए शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के नामों का वाचन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में 21 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार साहू उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के परेड ग्राउंड में पुलिस जवानों ने विशेष शोक परेड आयोजित किया। शहीद जवानों के सम्मान में शोक शस्त्र की मुद्रा में सलामी दी गई। इस दौरान देश की ⏭शेष पेज 10 पर





शहीद परिवारों की सुनी समस्याएं, दिया भरोसा

राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व विधायक ने कांकेर जिले के शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने परिवारों की बात गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान शहीद जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को नमन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान सदैव पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

खबर संक्षेप



नाचते-गाते बंग समाज ने माता रानी को दी विदाई


केशकाल। नवरात्रि के समापन के बाद केशकाल में बंग समाज के श्रद्धालुओं ने भक्तिमय माहौल में नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान समाज के लोगों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। माता रानी की विदाई के अवसर पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। नवरात्रि के दौरान बंग समाज के लोगों ने विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। नौ दिनों तक माता की आराधना करने के बाद विसर्जन के समय श्रद्धालुओं में एक ओर जहां उत्साह दिखाई दिया, वहीं दूसरी ओर माता रानी को विदा करते समय भावुकता भी नजर आई। समाज के लोगों ने माता के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा में भाग लिया और भक्तिभाव के साथ प्रतिमा को विदाई दी।

विजयादशमी पर एसपी पंकज चंद्रा ने की शस्त्र पूजा



कोण्डागांव। विजयादशमी पर कोण्डागांव पुलिस लाइन में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने विधि–विधान के साथ शस्त्रों की पूजा कर जिले की सुख–समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा के पश्चात परंपरा के अनुसार हर्ष फायरिंग की गई। साथ ही पुलिस विभाग के वाहनों की भी विधिवत पूजा की गई। विजयादशमी पर्व के अवसर पर पुलिस लाइन में शस्त्रों की पारंपरिक पूजा–अर्चना की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने शस्त्र पूजा कर पुलिस बल और जिलेवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पूजा में भाग लिया। पारंपरिक शस्त्र पूजा संपन्न होने के बाद हर्ष फायरिंग की गई। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वाहनों की भी पूजा–अर्चना की गई। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परंपरागत रीति–रिवाजों के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने विजयादशमी पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। यह पर्व सभी को सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

फरसगांव में मां दुर्गा को दी गई विदाई, निकाली विसर्जन शोभायात्रा



फरसगांव। नगर के अस्पताल मैदान में दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मां दुर्गा सहित भगवान गणेश, कार्तिकेय, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं के साथ भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।
शोभायात्रा में श्रद्धालु मांदरी नृत्य और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए नगर भ्रमण करते नजर आए। पूरे उत्साह और भक्तिमय माहौल के बीच निकली शोभायात्रा के बाद नगर के भीमा तालाब में सभी प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। इसके साथ ही नौ दिनों से चल रहे दुर्गा उत्सव का समापन हुआ।



भूमका-हिर्री में रामलीला के बाद मिट्टी के रावण का वध

भरत भारद्वाज ▶▶| फरसगांव

दशहरे पर देशभर में रावण दहन की परंपरा है, लेकिन कोंडागांव जिले के ग्राम भूमका और हिर्री में दशहरा मनाने का तरीका बिल्कुल अलग है। यहां रावण का पुतला जलाने के बजाय मिट्टी की प्रतिमा बनाई जाती है और रामलीला मंचन के बाद उसका वध किया जाता है। इसके बाद रावण की नाभि में रखे लाल रंग को अमृत मानकर ग्रामीण माथे पर तिलक लगाते हैं। मंगलवार को दोनों गांवों में इस अनूठी परंपरा का निर्वहन किया गया।

ग्रामीण मान्यता के अनुसार, रावण की नाभि में अमृत कुंड होने के कारण उसकी

यहां लाल रंग को अमृत मानकर माथे पर तिलक लगाते हैं ग्रामीण





प्रतिमा को जलाने के बजाय वध किया जाता है। प्रतिमा निर्माण के दौरान नाभि में मिट्टी का पात्र रखकर उसमें लाल रंग भरा जाता है। रावण वध के बाद ग्रामीण इस लाल रंग को अमृत मानकर तिलक लगाते हैं। स्थानीय मान्यता है कि इससे सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद मिलता है। ग्राम हिर्री के पटेल भारद्वाज बैध, सरपंच सुकमन और भूमका निवासी बैजनाथ तिवारी , सरपंच रामभरोस कुँवर के अनुसार, दोनों गांवों में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। दशहरे के अवसर पर इस विशेष आयोजन को देखने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। रावण वध के बाद अमृत का तिलक लगाने की यह रस्म क्षेत्र की लोकआस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को विशिष्ट पहचान देती है। दशहरा पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ेराजपुर और फरसगांव थाना पुलिस भी तैनात रहती है। पुलिस की मौजूदगी में दोनों गांवों में दशहरा पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाता है।

आतिशबाजी, उत्साह और जय श्रीराम के जयघोष के बीच मनाया गया विजयादशमी का पर्व

नगर स्टेडियम में रावण दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी दशहरा का पर्व कोंडागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। उत्सव के दौरान पूरा वातावरण धार्मिक आस्था, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया।

विकास नगर स्टेडियम में रावण दहन देखने के लिए लोग परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे। शाम होते–होते आयोजन स्थल पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम स्थल पर उत्सव का माहौल बना रहा। रावण दहन की प्रतीक्षा कर रहे लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

दशहरा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देने का अवसर भी है कि अहंकार, अन्याय, क्रोध, लोभ और अधर्म का अंत निश्चित है। कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम ने भी लोगों को सत्य, सदाचार, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पर्व के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि व्यक्ति को अपने भीतर मौजूद बुराइयों को समाप्त कर समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। दशहरा ऐसा पर्व है, जो समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ जोड़ता है। रावण दहन देखने पहुंचे लोगों के बीच उत्सव और उल्लास का वातावरण रहा। परिवारों ने एक साथ पर्व मनाया और बच्चों को भगवान श्रीराम की विजय से जुड़ी पौराणिक कथा तथा उसके नैतिक संदेशों से परिचित होने का अवसर मिला।

कोंडागांव में विकास नगर स्टेडियम में आयोजित रावण दहन के साथ दशहरा पर्व ने लोगों को नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संदेश दिया।

मोहल्लाई में मना दशहरा पर्व, रावण दहन देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्राम मोहल्लाई में इस वर्ष भी विजयदशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। रावण के पुतले में आग लगते ही पूरा मैदान उत्सव के माहौल में डूब गया। कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। ग्राम मोहल्लाई में आयोजित दशहरा उत्सव के दौरान रावण दहन मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। दशहरा पर्व को लेकर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। रावण दहन देखने पहुंचे बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने परिवार के साथ कार्यक्रम का आनंद उठाया और एक–दूसरे को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। विजयदशमी उत्सव के अंतर्गत रावण दहन के पश्चात रात्रि में नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देर शाम तक उत्सव का आनंद उठाया। ग्राम मोहल्लाई में प्रतिवर्ष दशहरा पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी ग्रामीणों ने परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सामूहिक रूप से विजयदशमी का उत्सव मनाया। आयोजन के माध्यम से गांव में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

पेज 9 के शेष

दशहरा की खुशियां मातम ...

भी पुल की रेलिंग से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बार स्कूटी के परखच्चे बुरी तरह से हो गए, स्कूटी का प्रत्येक पार्ट अलग-अलग बिखरा सड़क किनारे पड़ा हुआ था।

माता दुर्गा प्रतिमा की ...

तालाब में किया गया। इनमें से 28 प्रतिमाओं का विसर्जन अलबेलापारा तालाब में, तीन का कंकालिन तालाब में और दो प्रतिमाओं का विसर्जन मारादेव तालाब में किया गया। समितियों का स्वागत के लिए कई संस्थाओं के द्वारा व्यवस्था किया गया था।

डीजे की धुन पर निकली झांकियां, सड़कों पर उमड़ी भीड़: शहर में कई दुर्गोत्सव समितियों ने डीजे की धुन पर झांकियां निकालीं। रास्ते भर श्रद्धालु युवक-युवतियां नाचते-गाते हुए तालाबों तक पहुंचे और विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन और विसर्जन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जुटे। इस बार रात 12 बजे के पहले ही विसर्जन पूरा हुआ, जो बड़ी बात रही।

बिना डीजे के विसर्जन कर समितियों ...

दिलीप जैन, दीपक झा और लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि डीजे पर काफी खर्च होता है और तेज आवाज के कारण कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। आमापारा पेट्रोल पंप के पास स्थापित श्री श्री नवजोत दुर्गोत्सव समिति ने भी शाम 6 बजे अलबेलापारा तालाब में और जवाहर वार्ड की दुर्गोत्सव समिति ने भी आंग्ल वैदिक स्कूल के पास स्थापित प्रतिमा का विसर्जन बिना डीजे के किया।

चाहचड़-हालहादी माइंस क्षेत्र ...

पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, पहले से दर्ज विवरण में संशोधन कराने अथवा अपात्र प्रविष्टियों के विलोपन के लिए संबंधित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल **https:// voters. eci.gov.in/** के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। मतदाताओं से अपील है कि वे प्रारंभिक मतदाता सूची में अपना नाम और विवरण जांच लें, ताकि त्रुटि होने पर समय रहते सुधार कराया जा सके।

भानुप्रतापपुर भाजपा को बूथ...

पर चर्चा करते हुए संगठन के कार्यों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री राजा पांडे ने कहा कि संगठन की वास्तविक मजबूती बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं से आती है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर निरंतर सक्रिय रहकर पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने किया। अंत में मंडल महामंत्री गिरधारी लाल नरेटी ने समापन करते हुए सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजिंदर रंधावा, जुगल किशोर शर्मा, ज्वाला प्रसाद जैन, योगेश सोनवानी, जितेंद्र पांडे, कौशल्या उइके, राकेश देवांगन, संगीता टांडिया, उर्मिला जसूजा, गीता ठाकुर, ममता नरेटी, सविता कावड़े, मालिनी टांडिया, नरेंद्र सांवले, हरि यादव, सरिता देवांगन सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चाहचड़-हालहादी माइंस ...

ऑनलाइन संदेश भेजने और अन्य जरूरी डिजिटल कार्यों में भी परेशानी आ रही है। विद्यार्थियों सविन दुग्गा, उमेद दुग्गा, कैलाश, प्रभु, रोशन, साहिल, राहुल, आकाश, प्रदीप, महेंद्र एवं दिव्या दुग्गा ने बताया कि वर्तमान समय में पढ़ाई के लिए इंटरनेट महत्वपूर्ण साधन बन गया है। असाइनमेंट बनाने से लेकर शैक्षणिक जानकारी प्राप्त करने तक विद्यार्थियों को इंटरनेट पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में डेटा सेवा ठीक से नहीं चलने से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों ने जिओ कंपनी और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने क्षेत्र में इंटरनेट सेवा की तकनीकी जांच कर जल्द सुधार करने की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में राहत मिले और ग्रामीण अपने आवश्यक ऑनलाइन कार्य आसानी से कर सकें।

शहीदों के बलिदान को...

आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा नक्सल मोर्चे पर कर्तव्य निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। समारोह में डीएसपी विकेश्वरी पिंदे, जिला सेनानी संजय शर्मा, रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा, रक्षित निरीक्षक दीपक साव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

154 शहीदों के नामों का किया गया वाचन: पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक की अवधि में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के नामों का सम्मानपूर्वक वाचन किया। इसके बाद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर मौन धारण करते हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी।

हॉट स्प्रिंग्स के वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है दिवस: राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सैनिकों के हमले का वीरतापूर्वक मुकाबला करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीआरपीएफ के 10 जवानों की स्मृति को समर्पित है। कांकेर पुलिस ने वीर शहीदों के साहस, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस बल की सबसे बड़ी प्रेरणा बताते हुए उन्हें नमन किया।

बाबा साहब सेवा संस्था ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस

कोण्डागांव। बाबा साहब सेवा संस्था, कोण्डागांव द्वारा बहुजन समाज में सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना के महानायक कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर कोर्ट चौक स्थित संस्था कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके महान संघर्षों और विचारों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष भुवन लाल मारकंडे ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को संगठित करने और लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों से ही समाज के वंचित वर्गों में आत्मसम्मान और राजनीतिक भागीदारी की एक मजबूत भावना विकसित हुई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि कांशीराम ने हमेशा सामाजिक समानता, स्वाभिमान और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की गहरी प्रेरणा देते हैं। संस्था के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि कांशीराम के संघर्ष और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है, ताकि शिक्षा, संगठन और जागरूकता के बल पर समाज में एक सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाया जा सके।

बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने 12 परगनों के देवी-देवता जगदलपुर रवाना

चौपाटी मैदान में हुआ विदाई कार्यक्रम, मांझी–चालकी, गायता, पटेल–पुजारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने कोंडागांव जिले के 12 परगनों से आए ग्राम देवी–देवता, मांझी–चालकी, गायता, पटेल–पुजारी एवं सैकड़ों श्रद्धालु मंगलवार को जगदलपुर के लिए रवाना हुए। स्थानीय चौपाटी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक रीति–रिवाजों एवं विधिवत पूजा–अर्चना के साथ ग्राम देवी–देवताओं को विदाई दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं की सुखद एवं मंगलमय यात्र की कामना की।

मंगलवार को कोंडागांव के चौपाटी मैदान में आयोजित विदाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे ग्राम देवी–देवताओं की पारंपरिक पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से जनप्रतिनिधियों ने देवी–देवताओं और श्रद्धालुओं को जगदलपुर के लिए विदा किया।

बस्तर दशहरा में शामिल होने के लिए जिले के 12 परगनों से ग्राम देवी–देवताओं के साथ मांझी–चालकी, गायता, पटेल–पुजारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोंडागांव पहुंचे। ऐतिहासिक पर्व में सहभागिता को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि बस्तर दशहरा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन एवं पर्व में सहभागिता के लिए शासन–प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित एवं मंगलमय यात्र की कामना की। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बस्तर दशहरा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। इस पर्व में विभिन्न परगनों के ग्राम देवी–देवताओं की सहभागिता और पारंपरिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। कार्यक्रम के दौरान बस्तर की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में मांझी–चालकी, गायता, पटेल–पुजारी और श्रद्धालुओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सदियों पुरानी परंपराओं को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में इन पारंपरिक पदाधिकारियों का विशेष योगदान है।

नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल, राज्य तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन एवं जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर ने ग्राम देवी–देवताओं और श्रद्धालुओं को पारंपरिक तरीके से विदाई दी। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने जा रहे सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं।



खबर संक्षेप

8 तसर कोसा पालकों को मिली 35 हजार की सब्सिडी

बीजापुर। तसर रेशम पालन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण हितग्राहियों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से ग्राम गुदमा के अंतर्गत संचालित शासकीय कोसा बीज केंद्र गुदमा के 8 तसर कोसा पालकों को पालित प्रजाति के स्वस्थ डिम्ब समूह वितरण योजना के तहत 2500 तसर स्वस्थ डिम्ब समूह वितरित किए गए। ये स्वस्थ डिम्ब समूह केंद्रीय रेशम बोर्ड की इकाई बीएसएमटीसी बस्तर से प्राप्त किए गए। वितरित डिम्ब समूहों का कुल मूल्य 40 हजार रुपये है, जिस पर हितग्राहियों को 35 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान की गई। इस प्रकार हितग्राहियों को मात्र 5 हजार रुपये का अंशदान करना पड़ा।
इस योजना से ग्राम गुदमा के 8 तसर कोसा पालकों को लाभ मिला है। स्वस्थ डिम्ब समूहों के वितरण से तसर कृमिपालकों को बेहतर गुणवत्ता वाले कोसों का उत्पादन करने तथा अपनी अतिरिक्त आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी।
योजना से लाभान्वित समूह के अध्यक्ष मनोज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रदान की गई सब्सिडी से तसर पालन की लागत कम करने में मदद मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वस्थ डिम्ब समूहों के पालन से बेहतर कोसा उत्पादन होगा और समूह के सदस्यों की आय में वृद्धि होगी। इस प्रकार स्वस्थ डिम्ब समूह वितरण योजना ग्रामीण क्षेत्रों में तसर रेशम पालन को प्रोत्साहित करने, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने तथा हितग्राहियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

पुलिस कार्यालय और पोटाकेबिन में जागरूकता कार्यक्रम

बीजापुर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर एवं पोटाकेबिन बीजापुर में महिला एवं बाल सुरक्षा तथा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन शक्ति, घरेलू हिंसा से संरक्षण, साइबर अपराधों से बचाव तथा कानूनी अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से संकटग्रस्त महिलाओं को मिलने वाली विभिन्न सहायता एवं परामर्श सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर आपातकालीन परिस्थितियों के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस सहायता 112 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। आमजन की सुविधा और त्वरित सहायता के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दीवारों पर इन महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के पोस्टर भी चस्पा किए गए, ताकि लोग जागरूक हो सकें। वकार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से विनीत साहू, पूनम शर्मा, नारायण विश्वकर्मा, मनीषा एवं मनोज सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सुनीता तामड़ी, शीला भारद्वाज एवं उर्वशी नाग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के सुरक्षा उपायों तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

दुर्गा बाड़ी और आड़ावाल में सजे मां दुर्गा के पंडाल, प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र...



जगदलपुर। मैत्री संघ दुर्गा बाड़ी में स्थापित मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश व कार्तिक की प्रतिमा।



जगदलपुर। मिलन संघ, ओरना कॉलोनी , आड़ावाल में मां दुर्गा की आकर्षक साज सज्जा।

सीता राम सेवा समिति मंदिर प्रांगण से निकली शोभायात्रा, शहनाई की थाप पर थिरके ग्रामीण

धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मद्देड़

बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत ग्राम मद्देड़ में विजयादशमी का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव के अवसर पर गांव में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह गैर्रागुड़ा हनुमान मंदिर के समीप हुआ, जहां 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान

- गैर्रागुड़ा मैदान में ढहा रावण का अहंकार, आतिशबाजी से जगमगाया आसमान

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रीराम की विजय के प्रसंग का आनंद उठाया।

रावण दहन से पहले सीता राम सेवा समिति मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्य सड़क मार्ग और चौक-चौराहों से होकर गुजरी। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण महिला, पुरुष और युवक-युवतियां मद्देड़ शहनाई की धुन पर नाचते-थिरकते दिखे। शोभायात्रा के गैर्रागुड़ा मैदान



पहुंचने पर लंका द्वार ध्वस्त करने की परंपरा निभाई गई। रावण के पुतले के दहन के साथ की गई शानदार आतिशबाजी ने उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। दशहरा उत्सव को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शाम होते ही आयोजन स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। ग्रामीणों ने परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर रामलीला का आनंद लिया। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को सोना पत्ती (समी पत्र) भेंट कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। छोटों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, वहीं हमउम्र लोगों ने सोना पत्ती देकर एक-दूसरे को गले लगाया।

परंपरा और सामाजिक सद्भाव

मद्देड़ क्षेत्र में रावण दहन की यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है, जिससे पर्व का उत्साह पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। विजयादशमी पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। श्रीराम द्वारा रावण पर विजय की कथा अहंकार, अन्याय और नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग करने की प्रेरणा देती है। मद्देड़ में आयोजित इस उत्सव ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करने का संदेश दिया।

घाटलोहंगा के 12 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय शालेय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

घाटलोहंगा। घाटलोहंगा बस्तर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के 12 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रग्बी फुटबॉल के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता दिल्ली में 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ की टीम में चयनित होकर ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बस्तर जिले सहित ग्राम पंचायत घाटलोहंगा और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ और बस्तर का नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए मोहम्मद साहिबा को छत्तीसगढ़ टीम का कोच नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में चयनित खिलाड़ी दिल्ली में अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में कुमारी संजना, प्रतिमा, छनेन्द्री, बबीता यादव, कुमारी दीक्षा, यानवी, अनीता, पोड़ियामी, उमेश कुमार, तरुण कुमार, पवन कुमार, शंभूनाथ, करण देव, राजेश कुमार ठाकुर और चित्रांश बघेल के नाम शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होना खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। इस उपलब्धि से ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। अब सभी की निगाहें दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता पर टिकी हैं, जहां छत्तीसगढ़ की टीम के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से प्रदेश और बस्तर जिले को गौरवान्वित करने का प्रयास करेंगे।

'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर 2 नवंबर को मनेगा जिला स्तरीय राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

आगामी राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर आज संयुक्त जिला कार्यालय (कलेक्टरेट) के डंकनी सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. भार्गव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्योत्सव के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भार्गव ने संबंधित

- कलेक्टरेट में जिला पंचायत सीईओ ने ली तैयारी बैठक, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने को कहा है।

जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर

इस वर्ष जिले में 02 नवंबर 2026 को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम पर किया जाएगा। इस थीम के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण, युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। राज्योत्सव के दौरान जिले में संचालित विकास कार्यों, उपलब्धियों और विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित करने के साथ ही स्थानीय कला, संस्कृति एवं परंपराओं को भी प्रमुखता से प्रस्तुत करने की दिशा



में प्रयास किए जाएंगे।

जनभागीदारी बनाने की अपील

बैठक के दौरान आयोजन स्थल की व्यवस्था, मंच सज्जा, विभागीय प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आमंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विभागवार जिम्मेदारियां सुनिश्चित की गईं। अधिकारियों से आयोजन को जनभागीदारीपूर्ण बनाने तथा महिलाओं और युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपेक्षा की गई है। साथ ही कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर देने और जिले की सांस्कृतिक पहचान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने पर भी बल दिया गया। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर भरतराम ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

नवीन ट्रांसफार्मर के शुभारंभ से वार्ड क्रमांक 9 को लो-वोल्टेज की समस्या से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 9 में विगत कई वर्षों से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवीन विद्युत

- नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की कवायद तेज

ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया गया। चैतराम अटामी, रजनीश सुराना एवं सूरज सिंह ठाकुर ने विधिवत रूप से नवीन ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। नवीन ट्रांसफार्मर के शुभारंभ से वार्डवासियों में खुशी का माहौल है। वार्डवासियों ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



वार्ड क्रमांक 9 में घनी आबादी होने के कारण विद्युत खपत अधिक थी। लंबे समय से एक ही ट्रांसफार्मर के माध्यम से वार्ड क्रमांक 8, 9 सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। इसके चलते विशेषकर गर्मी के मौसम में वार्डवासियों को लो-वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता था, जिससे घरेलू कार्यों सहित विद्युत उपकरणों के संचालन में परेशानी होती थी। वार्डवासियों की इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इसके शुभारंभ से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बेहतर होने तथा लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। वार्ड 9 से पूर्व हाल ही में वार्ड क्रमांक 14 में भी नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इससे वार्ड 14 सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत भार कम करने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर पुतान सिंह कुशवाह, राकेश कुशवाह, राजा गुप्ता, ममता गुप्ता, श्याम सिंह, श्रीकांत राव, अजय अवस्थी, सुजीत सिंह, रंजिता शर्मा, उगेश्वरी देवांगन, अनीश जॉर्ज सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता

रजनीश सुराना ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में लंबे समय से चली आ रही मूलभूत समस्याओं का समाधान करना प्राथमिकता है। वार्ड 14 के बाद वार्ड 9 में नवीन ट्रांसफार्मर की स्थापना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आवश्यकता के अनुसार अन्य वार्डों में भी नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित कराए जाएंगे।

पुलिस स्मृति दिवस पर बीजापुर में शहीदों को दी गई सलामी, परिजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

पुलिस स्मृति दिवस पर देश की आंतरिक सुरक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले सशस्त्र एवं अर्द्धसैनिक बल के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। देश की रक्षा में कुल 154

- देश सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले 154 बलिदानियों की नामावली का किया गया वाचन

जवान शहीद हुए, जिनमें छत्तीसगढ़ के 6 जवान शामिल हैं। बीजापुर जिले के कचिलवार जंगल में माओवादी मुठभेड़ में शहीद प्रधान आरक्षक बड़दी मोहन एवं आरक्षक दुकारू राम गोंदे को विशेष रूप से याद किया गया। पुलिस अधीक्षक



उमेश प्रसाद गुप्ता ने शहीद नामावली का वाचन कर उसे स्मारक पर अर्पित किया, जिसके बाद जवानों को सलामी देकर दो मिनट का मौन रखा गया। सलामी के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान उमेश प्रसाद गुप्ता, सुमेद सुरवाड़े, रविन्द्र कुमार मीणा, नम्रता चौबे और राकेश साहू ने शहीद परिवारों से मुलाकात कर उन्हें साल भेंट किया। प्रशासन ने परिजनों के स्वत्वों के भुगतान संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण का भरोसा दिया। साथ ही बच्चों की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन शिक्षा विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए।







कल से प्रत्येक शुक्रवार को अनुभाग स्तरीय जनदर्शन में समस्याओं का फौरन समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनदर्शन कल सुबह 11 बजे होगा, सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य

आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रत्येक शुक्रवार को अनुभाग स्तर पर नियमित रूप से जनदर्शन आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा दिए गए। इसके तहत आगामी 23 अक्टूबर शुक्रवार से प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 11 बजे संबंधित अनुभाग मुख्यालय में जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त जनदर्शन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में आयोजित होगा। इसमें संबंधित अनुभाग के समस्त विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, ताकि आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का विधिवत पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए आवेदक का नाम, आवेदन का विषय, संबंधित विभाग तथा निराकरण की स्थिति का व्यवस्थित अभिलेख संधारित किया जाएगा। जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर संभव होगा, उनका तत्काल निराकरण किया जाएगा।



वहीं, शेष आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण के लिए भेजा जाएगा। प्रत्येक जनदर्शन में पूर्व में प्राप्त लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा भी की जाएगी। आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों से कारण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही जनदर्शन के निर्धारित दिवस, समय एवं स्थान का नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

जिला कार्यालय को देना होगा प्रतिवेदन

प्रत्येक जनदर्शन के आयोजन के बाद संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कुल आवेदनों, मौके पर निराकृत आवेदनों, संबंधित विभागों को भेजे गए आवेदनों तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी जिला कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को जनदर्शन का नियमित एवं प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करने कहा गया है। जनदर्शन में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति अथवा आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

खबर संक्षेप

दुर्गूकोंदल भाजपा मंडल के बूथों को मजबूत बनाएं



दुर्गूकोंदल। भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गूकोंदल की मासिक बैठक बुधवार को रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक मंडल प्रभारी गौतम उयके एवं मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ शक्ति केंद्रों और बूथों पर सक्रिय रहकर गांव-गांव तक पहुंचें। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, आम जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सक्रियता और समन्वय के साथ करने की बात कही गई। बैठक में विजय पटेल, पिलम नरेटी, रामचंद्र कल्लो, शकुनतला नरेटी, सिरों कोमरे, तुकाराम पटेल, तुलसी मतलमी, नागसाय तुलावी, सुमित्रा दुग्गा, नरेश कोमरा, समदेर उशारे, सरपंच शिवलाल धुर्वा, मुकेश नरेटी, बहादुर तुलावी, चिमन यादव, अनिल उयके एवं मंडल संजय उयके सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद मांडुराम को दी श्रद्धांजलि



कांकेर। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को पं. वि प्रसाद शर्मा शाउमावि गोविंदपुर में शहीद पुलिस जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय के पूर्व होनहार छात्र एवं शहीद एपीसी माण्डुराम शोरी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। शहीद माण्डुराम शोरी, ग्राम सिंगनपुर, केशकाल के निवासी थे। वे 7 जनवरी 1983 को आरक्षक पद पर भर्ती हुए थे। बीजापुर से ए कंपनी के अंतर्गत मुरकीनार आउटपोस्ट में तैनाती के दौरान 16 अप्रैल 2006 को वे देश की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय हाईस्कूल मांदरी के प्राचार्य सत्यनारायण जैन ने शहीद की वीरता और देश के प्रति समर्पण को याद करते हुए विद्यार्थियों से भी राष्ट्रसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

हाटकोंदल में दशहरे पर बीस फीट के रावण पुतले का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोदल



विकासखंड क्षेत्र के ग्राम हाटकोंदल में विजयादशमी का पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में दो स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य आयोजन स्कूलपारा में हुआ, जहां 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और भगवान श्रीराम की विजय के प्रसंग का आनंद लिया।

दशहरा उत्सव के दौरान रामलीला के कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। रावण दहन से पहले कलाकारों की शोभायात्रा गांव की गलियों और चौक-चौराहों से होकर निकाली गई। इस दौरान भगवान श्रीराम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। शोभायात्रा स्कूल मैदान पहुंची, जहां परंपरा के अनुसार लंका द्वार ध्वस्त किया गया। इसके बाद क्रमशः मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण के पुतलों का दहन किया गया।

आतिशबाजी ने उत्सव के माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। दशहरा उत्सव को लेकर बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह रहा। शाम होते ही आयोजन स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। लोगों ने परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर रामलीला का आनंद लिया और एक-दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। गांव में दो स्थानों पर रावण दहन होने से पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। विजयादशमी पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। हाटकोंदल में आयोजित इस कार्यक्रम ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने तथा अहंकार और नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग करने का संदेश दिया। साथ ही धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने की प्रेरणा भी दी।

अंतागढ़ में आज होगा भव्य दशहरा उत्सव

अंतागढ़। विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार 22 अक्टूबर को अंतागढ़ के उन्मुक्त खेल मैदान नयापारा में भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा। ग्राम भीरावाही, कांकेर के 30 कलाकार महिषासुर वध और भगवान श्रीराम-रावण युद्ध का संगीतमय मंचन करेंगे। इसके बाद 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन और भव्य आतिशबाजी होगी। समिति ने नगरवासियों एवं ग्रामीणों से परिवार सहित शामिल होकर उत्सव का आनंद लेने की अपील की है।



रिसेवाड़ा में रावण दहन से पूर्व युद्ध लीला का मंचन

कांकेर। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम रिसेवाड़ा में विजयादशमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रामलीला के मंचन, कुंभकरण वध और राम-रावण के बीच हुए रोमांचक युद्ध ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं राहगीर पहुंचे।

रावण के पुतले का निर्माण प्रकाश पटेल और थानूराम पटेल ने स्वयं के खर्च से किया। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने शानदार अभिनय प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम की भूमिका दिनेश पटेल एवं प्रकाश पटेल ने निभाई, जबकि लक्ष्मण की भूमिका प्रकाश पटेल ने अदा की। वहीं थानूराम पटेल ने कुंभकरण की भूमिका में प्रभावशाली अभिनय किया। कुंभकरण वध के बाद राम-रावण युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। पूर्व उपसरपंच सुरेश पटेल ने बताया कि ग्राम रिसेवाड़ा में हर वर्ष विजयादशमी का पर्व आपसी भाईचारे और सहयोग के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी मां शीतला के आशीर्वाद एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सभी को सत्य, सदाचार और अच्छे मार्ग पर चलना चाहिए। आयोजन ने ग्रामीणों में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया।

घर में घुसकर रेप व जान से मारने की धमकी दी, आरोपी गिरफ्तार

- ताड़ोकी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी को न्यायालय में किया पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

घर में अकेली युवती को निशाना बनाकर कथित रूप से दुष्कर्म करने और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में ताड़ोकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पीड़िता की मां की अनुपस्थिति में घर में प्रवेश कर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। पीड़िता की शिकायत पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भानुप्रतापपुर के समक्ष पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर को पीड़िता ने थाना ताड़ोकी पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि ग्राम ताड़ोकी निवासी जितेन्द्र साहू ने उससे मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया था। पीड़िता के मुताबिक 25 नवंबर 2025 को जब उसकी मां सामान लेने भानुप्रतापपुर गई थी, तब आरोपी कथित रूप से घर में जबरन घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इसके बाद भी मां की अनुपस्थिति में आरोपी जबरदस्ती करता रहा और किसी को घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना ताड़ोकी में अपराध क्रमांक 12/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64(2) एवं 351(2) में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई।

आरोपी की 19 अक्टूबर को हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने आरोपी 34 वर्ष जितेन्द्र साहू पिता मुरली प्रसाद साहू निवासी ग्राम ताड़ोकी को 19 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी संबंधी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय भानुप्रतापपुर के समक्ष पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कार्रवाई में यह टीम रहे शामिल

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक लता सिंह, प्रधान आरक्षक रजमन केमरो, आरक्षक पिया शरण कश्यप, संजीत महावीर, विष्णु राम मंडावी तथा महिला आरक्षक रामेश्वरी नरेटी की भूमिका रही।

मां दुर्गा पूजा में बंगाली समाज ने सिंदूर खेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



शारदीय नवरात्रि के समापन और विजयादशमी के अवसर पर पखांजूर क्षेत्र में मां दुर्गा की विदाई श्रद्धा और उल्लास के साथ बंगाली रीति-रिवाजों के अनुसार की गई। इस दौरान पारंपरिक सिंदूर खेला की रस्म आकर्षण का केंद्र रही।

विदाई समारोह में महिलाओं ने सबसे पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। इसके बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर पर्व की खुशियां साझा कीं। मां दुर्गा की विदाई के दौरान भावुक दृश्य भी देखने को मिले। ढाक की थाप और शंख ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की। पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और बंगाली संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। पारंपरिक विधि-विधान के साथ मां दुर्गा का विदाई समारोह हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

देव दशहरा एकता की मिसाल 28 से अधिक समाजों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और साझा विरासत को आगे बढ़ाने की दिशा में कन्हारपुरी में आयोजित देव दशहरा महापर्व ने सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। महापर्व में समाज प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर एकजुट होकर भाईचारे, आपसी सम्मान और सह-अस्तित्व को मजबूत करने का संकल्प लिया। विधायक आशाराम नेताम, समाज प्रमुख, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले भी शामिल हुई। संविधान पुरुष ठाकुर रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में गोंडवाना समाज समन्वय समिति, बस्तर संभाग द्वारा आयोजित संवाद के दौरान सर्व आदिवासी समाज, गोंड समाज, हल्बा समाज, कंडरा, पारधी, ध्रुव गोंड, कंवर, साहू, कलार, केंवट, मरार, यादव, कुम्हार, कोष्ठा, सेन, विश्वकर्मा, सतनामी, महार, ढीमर, राजपूत, ब्राह्मण, जैन, मुस्लिम सहित 28 से अधिक समाजों के प्रतिनिधियों ने कहा कि बस्तर की पहचान केवल प्राकृतिक सौंदर्य और जनजातीय परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां विभिन्न समाजों के बीच सदियों से कायम आपसी सहयोग और सांस्कृतिक समन्वय भी इसकी महत्वपूर्ण विशेषता है। आमा खाई, दियारी, गोंचा और दशहरा जैसे पर्व सामाजिक मेल-मिलाप और साझा परंपराओं को मजबूत करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि कोई भी समाज छोटा या बड़ा नहीं होता। समाज की प्रगति सभी वर्गों के परस्पर सहयोग, सम्मान और सहभागिता से ही संभव है। मतभेदों का समाधान टकराव के बजाय संवाद और समझदारी से किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सौहार्दपूर्ण वातावरण मिल सके।



शहीदों को दी पुष्पांजलि बलिदान को किया याद

सरोना। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहीद हेमंत पोया, शहीद वैशाली राम नेताम सहित अन्य शहीदों के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने शहीदों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुदर्शन सिंह अहीर द्वारा शहीदों के जीवन, वीरता और साहस पर प्रकाश डालकर की गई। उन्होंने विद्यार्थियों से शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा देश के प्रति समर्पित भाव रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में पुलिस जवानों का योगदान महत्वपूर्ण है और उनके बलिदान का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है।

अनेकों ने किया पहली बार रेल में सफर तो खिले चेहरे

रावघाट तक ट्रेन की सेवा से सपनों को मिले पंख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



रावघाट तक रेल सेवा शुरू होना बस्तर अंचल के ग्रामीणों के लिए केवल आवागमन का नया साधन नहीं, बल्कि वर्षों से देखे जा रहे सपनों के साकार होने जैसा है। दुर्गम और पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे इस क्षेत्र में रेल पहुंचने से अब ग्रामीणों को कम खर्च में यात्रा करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के नए अवसरों तक पहुंचने की उम्मीद जगी है।

कल तक जिन लोगों के लिए ट्रेन को नजदीक से देखना भी किसी उत्सुकता से कम नहीं था, वे अब उसी ट्रेन में बैठकर अपने गंतव्य तक सफर कर रहे हैं। पहली बार ट्रेन में सफर करने वाले ग्रामीणों की खुशी इस बदलाव की सबसे सुंदर तस्वीर पेश करती है। रेल सेवा शुरू होने से रावघाट.क्षेत्र के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आबूझमाड़ क्षेत्र के रावघाट तक ट्रेन पहुंचना बस्तर अंचल में विकास, संपर्क और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम फूलपाड़ निवासी प्रेमबती गावड़े, बज्जय कौड़ो और सईते नुरेटी ने पहली बार ट्रेन में सफर किया। डेमो टिकट लेकर अंतागढ़ तक की यात्रा करने वाली तीनों सहेलियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ट्रेन में बैठकर सफर करना उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। इसी तरह समीना कावड़े ने भी पहली बार रेल यात्रा की और इस नए अनुभव को लेकर खुशी जाहिर की। इन महिलाओं के लिए यह यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में पहली बार रेल सफर करने की यादगार अनुभूति भी रही।

ग्रामीण अब सस्ते में कर सकेंगे सफर

रावघाट से लगे ग्राम आतुरबेड़ा निवासी सोनू उसेंडी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा हम रावघाट से लगे हुए गांव के रहने वाले हैं। हमारे लिए ट्रेन में बैठना किसी सपने के सच होने जैसा है। हमारे गांव के कई लोगों ने पहले कभी ट्रेन को करीब से नहीं देखा था, लेकिन आज वे इसमें सफर कर पा रहे हैं। हम सभी ग्रामीण बस में बैठकर ट्रेन देखने आए थे और अब हमें इसमें यात्रा करने का अवसर भी मिल रहा है।" उन्होंने कहा कि रेल सेवा शुरू होने से अब ग्रामीणों को इलाज के लिए दूसरे शहरों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। कम खर्च में यात्रा कर सकेंगे और परिवहन पर होने वाले खर्च में भी बचत होगी।



